रौल नं०.....नाम परीक्षार्थी.....

XI-50 वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई० A

समाजशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 11 पूर्णांक – 100

नोट:– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न–प्रत्येक 1 अंक)

निर्देश–निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

1. समाजशास्त्र नहीं है :–
   (अ) सामाजिक विज्ञान (ब) भौतिक विज्ञान
   (स) अमूर्त विज्ञान (द) विशुद्ध विज्ञान।
2. सामाजिक नियंत्रण का अनौपचारिक साधन है :–
   (अ) प्रथा (ब) कानून
   (स) राज्य (द) शिक्षा।
3. वह परिवार कौन–सा है, जिसमें पति–पत्नी अपने अविवाहित बच्चों के साथ रहते हैं :–
   (अ) एकांकी (ब) संयुक्त
   (स) विस्तृत (द) इनमें से कोई भी नहीं।
4. 'संस्कृति में कौन–सा गुण होता है :–
   (अ) उपयोगिता (ब) सरलता
   (स) पृथकता (द) वैज्ञानिकता।
5. अवलोकन हो सकता है :–
   (अ) सहभागी अवलोकन (ब) असहभागी अवलोकन
   (स) अर्द्धसहभागी अवलोकन (द) इनमें से कोई नहीं।
6. 'संघर्ष' सामाजिक प्रक्रिया की विशेषता है :–
   (अ) हिंसा की धमकी का प्रयोग (ब) वैयक्तिक प्रक्रिया
   (स) सार्वभौमिक प्रक्रिया (द) ये सभी।
7. 'सामाजिक परिवर्तन' का कारक है :–
   (अ) भौतिक या भौगोलिक कारक (ब) जैविक कारक
   (स) जनसंख्यात्मक कारक (द) ये सभी कारक।
8. वायु प्रदूषण से शरीर का कौन–सा अंग सबसे पहले प्रभावित होता है :–
   (अ) फेफड़े (ब) पेट
   (स) सिर (द) यकृत।
9. जब राजनीतिक शक्ति के साथ वैधता जुड़ जाती है तो उसे :–
   (अ) निरंकुशता है (ब) सत्ता कहते हैं
   (स) दबाव कहते हैं (द) बाध्यता कहते हैं।

(पृष्ठ पलटिए)

10. भारत में एक औपचारिक एवं संस्थागत विषय के रूप में समाजशास्त्र का विकास कब हुआ :-

(अ) 1915 (ब) 1919

(स) 1920 (द) 1925

अति लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 3 अंक

11. गृहविहीनता के कौन-कौन से कारण हैं? संक्षेप में वर्णन कीजिए।
12. 'सामाजिक समूह' का कूले द्वारा किया गया वर्गीकरण बताइए।
13. 'शिक्षा' की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
14. सभ्यता किसे कहते हैं?
15. साक्षात्कार के दो मुख्य उद्देश्य बताइए।
16. वर्ग का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
17. संस्कृति किस प्रकार से सामाजिक परिवर्तन को प्रोत्साहन देती है?
18. भौगोलिक पर्यावरण क्या है? यह किस प्रकार मानव समाज को प्रभावित करता है?
19. वेबर के अनुसार सत्ता से क्या आशय है?
20. 'मुक्त व्यापार' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 6 अंक

21. जाति-व्यवस्था के दो दोष बताइए।
22. अन्तर्विवाह के बारे में आप क्या जानते हैं?
23. व्यक्ति को समाजीकरण की क्यों आवश्यकता होती है?
24. सामाजिक संरचना किसे कहते हैं?
25. पर्यावरणीय प्रदूषण के दो प्रमुख कारण बताइए।
26. क्या आप कारण बता सकते हैं कि मार्क्स आधुनिक समाज के विषय में गलत क्यों हो सकते हैं?

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 8 अंक

27. समाजशास्त्र के उद्गम और विकास का अध्ययन क्यों महत्वपूर्ण है?

अथवा

भूमिका से आप क्या समझते हैं? प्रस्थिति एवं भूमिका में सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए।

28. धर्म से आप क्या समझते हैं? धर्म के प्रमुख तत्व कौन-कौन से हैं?

अथवा

संघर्ष को किस प्रकार कम किया जाता है इस विषय पर उदाहरण सहित निबन्ध लिखिए।

29. ग्रामीण एवं नगरीय समुदाय में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भारतीय समाजशास्त्र के इतिहास में ग्रामीण अध्ययन का क्या महत्व है? ग्रामीण अध्ययन को आगे बढ़ाने में एम.एन. श्रीनिवास की क्या भूमिका रही?